# किसानों व छात्राओं को स्वच्छता के लिए किया जागरूक




**कैलाश पाराशर/कंट्री विजन/चौमूं**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली की ओर से भारत सरकार की ओर से 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा के तहत ग्राम नृसिंहपुरा व जयसिंहपुरा में स्वच्छता को लेकर किसानों व स्कूली छात्राओं के लिए प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके तहत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के निदेशक प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी ख्यालीराम चौधरी ने स्वच्छता ही सेवा के लिए जागरूक करते हुए किसानों को बताया कि कृषि में स्वच्छता का मानव जीवन विशेष प्रभाव पडता है। कृषि उत्पाद स्वच्छ व गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। क्योंकि यह मानव जीवन के लिए जरूरी है। इस दौरान छात्राओं को भी स्वच्छता का महत्व बताया गया।